टीके की जानकारी का वक्तव्य

# पुनर्संयोजी जॉस्टर (शिंगल्स) टीका: *आपको जो जानने की जरूरत है*


Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**पुनर्संयोजी जॉस्टर (शिंगल्स) टीका शिंगल्स** को रोक सकता है।

**शिंगल्स** (जिसे हर्पीज जॉस्टर या केवल जॉस्टर भी कहा जाता है) एक दर्दनाक ददौरा है, आमतौर से ब्लिस्टर के साथ। ददौरों के अलावा, शिंगल्स के कारण बुखार, सिरदर्द, कंपकंपी या पेट की गड़बड़ हो सकती है। दुर्लभ रूप से, शिंगल्स के कारण निमोनिया, श्रवण समस्याएँ, अंधापन, मस्तिष्क की सूजन (इनसेफिलाइटिस), या मृत्यु होती है।



शिंगल्स के जोखिम उम्र के साथ बढ़ जाते हैं। शिंगल्स की सर्वाधिक आम जटिलता दीर्घ-अवधि नाड़ी दर्द होती है जिसे पॉस्थेर्पेटिक न्यूरेल्जिया (postherpetic neuralgia, PHN) कहा जाता है। PHN उन क्षेत्रों में होता है जहां शिंगल्स ददौरे हुए थे और ददौरे ठीक होने के महीनों या सालों बाद तक रह सकता है। PHN से दर्द तीव्र और कष्टदायक हो सकता है।

PHN के जोखिम उम्र के साथ बढ़ जाते हैं। शिंगल्स के साथ एक वृद्ध वयस्क में PHN विकसित होने की संभावना अधिक होती है और एक युवा व्यक्ति की तुलना में लंबे समय तक चलने वाला और अधिक गंभीर दर्द होता है।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को शिंगल्स होने और बीमारी से जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

शिंगल वैरिकाला-ज़ोस्टर वायरस के कारण होता है, यह वही वायरस है जिसके कारण चिकनपॉक्स होता है। आपको चिकनपॉक्स होने के बाद, वायरस आपके शरीर में रहता है और जीवन में बाद में शिंगल्स का कारण बन सकता है। शिंगल्स एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं जा सकता है, लेकिन शिंगल्स पैदा करने वाला वायरस फैल सकता है और किसी ऐसे व्यक्ति में चिकनपॉक्स का कारण बन सकता है जिसे कभी चिकनपॉक्स नहीं हुआ हो या जिसे कभी चिकनपॉक्स का टीका नहीं लगा हो।

## 2. पुनर्संयोजी शिंगल्स टीका

पुनर्संयोजी शिंगल्स टीका शिंगल्स के विरुद्ध मजबूत संरक्षण प्रदान करता है। शिंगल्स की रोकथाम करके, पुनर्संयोजी शिंगल्स टीका PHN और अन्य जटिलताओं के विरुद्ध भी संरक्षित करता है।

पुनर्संयोजी शिंगल्स टीके की इनके लिए सिफारिश की जाती है:
- **50 वर्ष या अधिक उम्र के वयस्क**
- **19 वर्ष और अधिक उम्र के वे वयस्क जिनका प्रतिरक्षा तंत्र** रोग या उपचार के कारण **कमजोर हो चुका है**

शिंगल्स टीका एक दो-खुराक शृंखला के रूप में दिया जाता है। अधिकतर लोगों के लिए दूसरी खुराक पहली खुराक के 2 से 6 महीने बाद दी जानी चाहिए। कुछ लोगों जिनकी प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर है या हो जाएगी वे दूसरी खुराक पहली खुराक के 1 से 2 महीने बाद ले सकते हैं। अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।

जिन लोगों के अतीत में शिंगल्स हुए हैं और जिन्होंने वेरीसेला (चिकनपॉक्स) टीका प्राप्त किया है उनके लिए पुनर्संयोजी शिंगल्स टीका प्राप्त करने की सिफारिश की जाती है। टीके की सिफारिश उन लोगों के लिए भी की जाती है, जिन्हें पहले से ही एक अन्य प्रकार का दाद का टीका, लाइव दाद का टीका लग चुका है। पुनर्संयोजी शिगल्स टीके में कोई भी लाइव वायरस नहीं होता है।

शिंगल्स टीका अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **पुनर्संयोजी शिंगल्स के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- **वर्तमान में शिंगल्स के एक एपिसोड को अनुभव कर रहा/रही** है
- **गर्भवती** है

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता शिंगल्स के टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले शिशुओं का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर पुनर्संयोजी शिंगल्स का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीके के लिए प्रतिक्रिया के जोखिम

- पुनर्संयोजी शिंगल्स टीके के बाद बांह में हल्का या मध्यम दर्द होना बहुत आम है। इंजेक्शन के स्थल पर ललाई और सूजन भी हो सकती है।
- पुनर्संयोजी शिंगल्स टीके के बाद थकान, पेशी का दर्द, सिरदर्द, कंपकंपी, बुखार, पेट दर्द, और मतली आम हैं।

ये पार्श्व प्रभाव अस्थाई रूप से किसी टीका प्राप्त व्यक्ति को नियमित गतिविधियां करने से रोक सकता है। लक्षण आमतौर से 2 से 3 दिन में अपने आप चले जाते हैं। आपको अभी भी पुनर्संयोजी शिंगल्स टीके की दूसरी खुराक लेनी चाहिए भले ही आपको पहली खुराक लेने के बाद ये प्रतिक्रियाएं हुई थी।

पुनर्संयोजी जॉस्टर टीके के बाद बहुत ही दुर्लभ रूप से एक गंभीर तंत्रिका तंत्र विकृति गुलेन-बारे सिंड्रोम (Guillain-Barré Syndrome, GBS) होना रिपोर्ट किया गया है।

कभी-कभी लोग टीकाकरण सहित, चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** को कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org